स्माचार

निगम में विभिन्न पदों के लिए साक्षात्कार 12 सितम्बर को

कोरबा 09 सितम्बर 2013 –नगर पालिक निगम कोरबा में रिक्त स्वच्छता निरीक्षक, सर्वेयर एवं स्टेनो टायपिस्ट आदि के पदों हेतु पात्र आवेदकों का साक्षात्कार आगामी 12 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से साकेत भवन में रखा गया है।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा विभिन्न पदों में भर्ती हेतु सूचना जारी कर उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे, प्राप्त आवेदनों के परीक्षण उपरांत उन्हें सूचीबद्ध कर सूची का प्रकाशन किया गया एवं दावा आपत्ति आमंत्रित की गई तथा प्राप्त दावा आपत्तियों का निगम द्वारा निराकरण कर उम्मीदवारों की पात्रता अनुसार अंतिम सूची जारी की गई थी। इन पात्र आवेदकों का साक्षात्कार आगामी 12 सितम्बर को निगम के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया गया है, इस संबंध में विस्तृत विवरण का अवलोकन निगम के सूचना पटल पर तथा निगम की वेबसाईट ूावतइंउनदपबपचंसण्पद पर किया जा सकता है।

संपादकव्यूरोचीफ.......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)